तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025



वित्त मंत्री ने सरिया में दी रजिस्ट्री तहसील कार्यालय की सौगात





## खबर संक्षेप



### बावलीकुंआ से चार जुआरी पकड़े गए

**रायगढ़।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान जुए के फड़ पर दबिश देकर चार जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बीते रात 20 जुलाई को की गई, जब पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोतरारोड़ क्षेत्र के बावलीकुंआ में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर ताशपत्ते से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित रेड कार्रवाई की। जुआ खेलते पकड़े गए आरोपियों में तरूण उर्फ बिल्ला यादव पिता स्व. दीना यादव 28 वर्ष जगन्नाथ उर्फ काटू जायसवाल पिता स्व. समयलाल जायसवाल 39 वर्ष, निर्मल उर्फ नानकन देवांगन पिता राजेश देवांगन 25 वर्ष तीनों निवासी कोतरारोड़ बावलीकुंआ और बंटी चौधरी पिता समीर चौधरी 28 वर्ष निवासी शिव शितला मंदिर के पास धांगरडीपा रायगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से ताश की 52 पत्तियों के साथ-साथ जुआ में लगी 5,540 रुपए नकद राशि व एक चटाई बरामद की है। चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेधद्ध अधिनियम 2022 की धारा 3,2 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है। रेड कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक गौतम ठाकुर, जयलाल जायसवाल, प्रधान आरक्षक धीरसाय तिर्की, आरक्षक जगन्नाथ साहू, गोविंद पटेल तथा रक्षित केंद्र के आरक्षक कृष्णचंद टंडन, बलवंत चन्द्रा की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस की यह तत्परता रात्रिकालीन गश्त के प्रभाव और मुखबिर तंत्र की मजबूती को दर्शाती है।

### ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत

**खरसिया।** जिले में शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटे देवानगांव के पास एनएच.49 पर हुआए जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसारए खरसिया थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 तुर्रीपारा क्षेत्र के सरवानी निवासी अजय कुमार उम्र 41 वर्ष शनिवार की रात करीब 9 बजे किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर सक्ती की ओर जा रहा था। जब वह छोटे देवानगांव के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने उसे लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अजय कुमार ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया और कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए आरोपी ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### रायगढ़ में 6 और सड़कों का चौड़ीकरण प्रस्तावित, प्रशासनिक मंजूरी का इंतजार

# ढिमरापुर से कोतरा रोड तक फोरलेन को मिली हरी झंडी, लेकिन बाकी सड़कों की फाइलें लटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के बीचों बीच राहत की एक सड़क अब आकार लेने जा रही है। ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड थाने तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए शासन ने आखिरकार मुहर लगा दी है। सालों से ट्रैफिक जाम और संकरी सड़कों से जूझते लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है। बता दें इस सड़क के लिए शासन से 41 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है।

शासन की स्वीकृति के बाद अब जल्द ही इस फोरलेन सड़क की टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण से न केवल आवाजाही आसान होगी बल्कि व्यावसायिक क्षेत्र को भी गति मिलेगी। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं होता। रायगढ़ शहर में ऐसी ही छह और सड़कें हैंए जिनके चौड़ीकरण की ज़रूरत तो है, योजना भी बनीए प्रस्ताव भी गए लेकिन फाइलें अब भी आगे नहीं बढ़ पाई हैं। ज्यादातर मामलों में भूमि अधिग्रहण की जटिलताएं दीवार बनकर खड़ी हैं। शासन स्तर पर मंजूरी की प्रक्रिया अधूरी है और स्थानीय प्रशासन की कोशिशें अभी भी अटकी हुई हैं। अब सवाल उठ रहा है कि जब ढिमरापुर से कोतरा रोड को हरी झंडी मिल सकती है, तो बाकी सड़कों को कब राहत मिलेगी। ट्रैफिक की बढ़ती चुनौती और तेजी से बढ़ता शहरी दायरा यह मांग कर रहा है कि सभी प्रस्तावित चौड़ीकरण परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बाकी परियोजनाओं पर भी काम जारी है और आवश्यक दस्तावेजों के जुटते ही शासन से स्वीकृति ली जाएगी।



#### कैसे मिलेगी शहरवासियों को राहत

सड़कों के बन जाने से यातायात का दबाव कम होगा। सड़क हादसों में कमी आएगी। औद्योगिक वाहनों के लिए बेहतर मार्ग मिलेगा। वहीं रायगढ़ में रिंग रोड जैसी सुविधा मिलेगी। जिससे शहर के भीतर ट्रैफिक नहीं घुसेगा। शहर के भीतर फोरलेन का जाल बिछने से रायगढ़ के लोगों को वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का सुकून मिलेगा। अब उम्मीद की जा रही है कि प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े और काम जल्द शुरू हो ताकि शहर को ट्रैफिक से मुक्ति और गति दोनों मिल सके।

ढिमरापुर से कोतरा रोड थाने तक फोर लेन की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। अन्य सड़कों का प्रस्ताव भी चला गया है। सड़क के लिए आवश्यक भूमि का आंकलन किया जा रहा है। जैसे ही भूमि संबंधी जानकारी पूरी होगीए भू.अर्जन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी जाएगी।

**एमएम नायक**
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी।

#### भू.अर्जन की प्रक्रिया के लिए सीमांकन चालू

सड़कों को फोरलेन बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने रायगढ़ तहसीलदार से सड़कों के दोनों ओर 12.5 मीटर की दूरी तक की निजी व शासकीय भूमि की जानकारी मांगी है। राजस्व विभाग ने घर, दुकान, मंदिर, खंभे, पेड़ आदि का सीमांकन शुरू कर दिया है। प्रस्ताव पूरा होते ही भू.अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। हालांकि इसमें कुछ लोगों द्वारा विरोध भी किया जा सकता है। क्योंकि लोगों का दुकान और मकान सड़क की जद में आ जाएगा।

#### फोर लेन के लिए इन सड़कों का भी प्रस्ताव

- ढिमरापुर चौक से पतरापाली जेएसपीएल तक 5 किमी।
- उर्दना चौक से सर्किट हाउस चौक तक 3.5 किमी।
- टीवी टावर रोड से मेडिकल कॉलेज तक 3.5 किमी।
- रायगढ़, पूंजीपथरा, घरघोड़ा रोड 37 किमी।
- रायगढ़, कोतरा, नंदेली रोड 5 किमी।
- रायगढ़, लोइंग, महापल्ली रोड 5 किमी।

#### इसलिए जरूरी है सड़कों का चौड़ीकरण

रायगढ़ शहर के सात प्रमुख मार्गों को फोरलेन में बदल देने से राहत मिलेगी। जिन सड़कों का प्रस्ताव बना है वहां पर या तो सड़कें बहुत संकरी हैं या फिर भारी वाहनों का दबाव असहनीय हो चुका है। प्रस्तावित मार्गों पर अक्सर ट्रैफिक जाम और हादसे होते रहे हैं। खासकर ढिमरापुर से पूंजीपथरा और घरघोड़ा की ओर जाने वाला मार्ग औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण सबसे अधिक दबाव में रहता है। भारी वाहनों की आवाजाही और टू.लेन की संकरी सड़कों के चलते बाइक चालकों और छोटे वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ती है। फोरलेन की स्वीकृति से न सिर्फ दुर्घटनाओं में कमी आएगीए बल्कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को भी नया रूप मिलेगा।

### छाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई लंबे समय से फरार 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग के निर्देशन पर रायगढ़ जिले में फरार वारंटियों, चोरी और लूट के मामलों में पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जुलाई को थाना छाल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जब निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 10 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। ये सभी आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट की तामिली से बचते आ रहे थे और लगातार फरार चल रहे थे। थाना छाल की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग गांवों और ठिकानों पर दबिश देकर सभी को हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया थाए जिन्हें अब न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ाया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी छाल के साथ पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सतत निगरानी, तकनीकी सर्च और स्थानीय जानकारी के माध्यम से सफलता हासिल की गई। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसे फरार वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रखी जाए ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत हो सके।

## सावन सोमवार पर निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

पवित्र सावन महीने के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को अंचल के श्रद्धालु बंदरचुआ स्थित पवित्र कुण्ड से जल लेकर कांवड़ यात्रा के माध्यम से नीलसरोवर तालाब पार मदनपुर स्थित श्री मदनेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंचेंगे और वहां भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति के सदस्य तथा श्री मदनेश्वर नाथ महादेव सेवा समिति मदनपुर के युवा इस भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते दिनों समिति की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन के दूसरे सोमवार को प्रातः 7 बजे कांवड़ यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे, जो बंदरचुआ के कुण्ड से जल भरकर कांवड़ के साथ पैदल यात्रा करते हुए मदनपुर पहुंचकर भगवान शंकर का अभिषेक करेंगे। भक्तों की सुविधा और आयोजन की सफलता के लिए युवाओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। श्रद्धालु महिलाएं भी इस यात्रा को लेकर उत्साहित हैं और कांवड़ियों के स्वागत की तैयारियों में लगी हुई हैं। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। श्री मदनेश्वर नाथ महादेव सेवा समिति ने अंचलवासियों से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक आयोजन में अपने परिवार सहित शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

**खास बात**

- भक्तगण करेंगे श्री मदनेश्वर नाथ का जलाभिषेक



**पीएम आवास और अन्य निर्माण कार्यों हेतु सेंटरिंग प्लेट से अर्जित कर रही आय**

## महिला समूहों ने सेंटरिंग प्लेट आपूर्ति से खोली आजीविका की नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ ब्लॉक की स्व.सहायता समूहों की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो रही हैं। 100 समूहों की महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोन लेकर सेंटरिंग प्लेट निर्माण का कार्य शुरू किया है। सेंटरिंग प्लेट का निर्माण कार्य न केवल महिलाओं को एक स्थिर आय का स्त्रोत प्रदान कर रहा हैए बल्कि यह ग्रामीण विकास और निर्माण क्षेत्र में भी उनकी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। महिलाएं अब न सिर्फ घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं, बल्कि वे अपने परिवार के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के सामूहिक विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। रायगढ़ ब्लॉक में लगभग 100 समूह की महिलाओं ने संकुल एवं ग्राम संगठन से सीआईएफ राशि के तहत 60 हजार रुपये से लेकर 3 लाख रुपये तक का लोन प्राप्त किया है। इन लोन की राशि से महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट बनवा कर उसे पीएम आवास सहित गांवों में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों के लिए किराये पर उपलब्ध करवा रही हैं।



इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही हैए बल्कि वे उद्यमिता की राह पर भी बढ़ चली हैं। सेंटरिंग प्लेट निर्माण के इस सफल उदाहरण ने अन्य महिला समूहों को भी प्रेरित किया है और वे भी इस व्यवसाय को अपनाने के लिए आगे आ रही हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास निर्माण में आवश्यक सेंटरिंग प्लेट की आपूर्ति अब ये महिलाएं खुद कर रही हैं, इससे एक ओर निर्माण की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को स्थायी रोजगार और आय का साधन भी मिल रहा है। जिससे वे अपने परिवारों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने में सक्षम हो रही हैं।

महिलाओं की इस सहभागिता से पीएम आवास निर्माण में भी तेजी आई है। ग्राम पंचायत बनोरा निवासी पुष्पांजलि निषाद ने बताया कि पहले उनके समूह ने बैंक से सामूहिक लोन लेकर इस कार्य की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्होंने छोटे स्तर पर सेंटरिंग प्लेट का निर्माण किया और धीरे-धीरे काम को बढ़ाया। पहले इस काम के लिए उन्हें पर्याप्त वित्तीय मदद नहीं मिल रही थीए लेकिन बिहान योजना के अंतर्गत संकुल स्तरीय संगठन से मिले लोन के बाद उन्होंने इस कार्य को बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिससे महिलाएं लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर हो रही हैं।

## सूने घर में लाखों की चोरी, पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के दुर्गा चौक स्थित एक शासकीय क्वार्टर में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक बालिग युवक सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी गया एचपी कंपनी का लैपटॉप, 28 हजार रुपये नकद और अन्य सामान बरामद किया गया है।

यह मामला 30 जून को सामने आया थाए जब महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड.03 पद पर कार्यरत सुरेश बेहरा, निवासी शासकीय क्वार्टर नंबर ए/2 दुर्गा चौक, शादी समारोह से लौटे। उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा टूटा है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। जांच में पता चला कि घर से 42 हजार रुपये नकद, लैपटॉप, दो स्मार्ट वॉच और दो चांदी की पायल चोरी हुई है। चक्रधरनगर थाना पुलिस ने मामले में धारा 305,ए 331,4 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कसेरपारा निवासी 18 वर्षीय आशीष चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूला। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया माल लैपटॉप, नकदी 28 हजार और वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी जब्त की गई। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से बालकों को किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।



## दुष्कर्म के आरोपी को कापू पुलिस ने दबोचा

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ लंबे समय तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई महिला सुरक्षा के प्रति उसकी सजगता का परिचायक मानी जा रही है। मामले की शुरुआत शुक्रवार 18 जुलाई को हुईए जब एक युवती ने कापू थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि तुलसी राठिया 24 वर्ष पिता जयपाल राठिया निवासी कापू ने वर्ष 2020 में शादी का वादा कर पहले खेत में और फिर कई बार अपने घर में जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि दोनों की पहली मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी, जहां से बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। जल्द ही आरोपी ने प्रेम का इज़हार किया और शादी का वादा कर उसका विश्वास जीत लिया। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि जब भी उसने शादी की बात की। आरोपी टालता रहा, लेकिन शारीरिक शोषण करता रहा। अंततः जब उसने साफ इनकार कर दिया, तो युवती ने साहस कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कापू पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 69 बीएनएस भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान जब पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अपने घर में ही छिपा है तो तत्काल टीम गठित कर दबिश दी गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



### सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला का लोकार्पण आज

# ब्रिटिशकाल में दान की गई जमीन पर बना स्कूल अब परिवार ने ही 50 लाख में किया कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पंचायत लैलूंगा की ऐतिहासिक धरोहर मानी जाने वाली सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला का सोमवार को लोकार्पण होगा।

इस विद्यालय की स्थापना ब्रिटिशकाल में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इसके लिए सेठ जयदयाल सिंघानिया ने अपनी निजी जमीन दान में दी थी। वर्षों की उपेक्षा के बाद अब इस शाला का करीब 50 लाख रुपये की लागत से पुनर्निर्माण व कायाकल्प कर इसे फिर से शिक्षा के क्षेत्र में गौरव दिलाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर लैलूंगा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह करेंगे। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर हरिभूमि आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष कपिल सिंघानिया, विधायक विद्यावती सिंह, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविंद्र, उपाध्यक्ष दीपक सिदार समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, मौजूद रहेंगे। नगर पंचायत लैलूंगा की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**खास बात**

- ओपी चौधरी रहेंगे मुख्य अतिथि, हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी भी होंगे उपस्थित

#### आदिवासी अंचल में शिक्षा का उजियारा

यह विद्यालय न केवल ईंट और सीमेंट से बनी एक इमारत है, बल्कि आदिवासी अंचल में महिला शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक है। ब्रिटिश शासन के दौर में जब बेटियों को शिक्षा देने की कल्पना भी दुर्लभ थी, तब सेठ जयदयाल सिंघानिया ने यह पहल कर एक मजबूत संदेश दिया था। आज यह स्कूल एक बार फिर उसी प्रेरणा के साथ, नवनिर्मित स्वरूप में बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए तैयार है।

#### परिवार के सदस्यों ने कराई है मरम्मत

स्कूल की नींव ब्रिटिश काल में डाली गई थी। उस दौर में सेठ जयदयाल सिंघानिया ने अंग्रेजी हुकूमत को न सिर्फ जमीन दी, बल्कि उन्होंने स्कूल को बनाकर भी दिया था। वहीं अब सेठ जयदयाल सिंघानिया के परिवार के लोग भी उनके बताए मार्ग पर चल रहे हैं। वर्तमान में स्कूल भवन के जीर्णोद्धार में करीब 50 लाख रूपये खर्च हुआ है, जिस खर्च को सिंघानिया परिवार ने ट्रस्ट के माध्यम से वहन किया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

20-July -RAG bhoomi-pg-2_Layout 1 7/20/2025 9:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 3 थाना प्रभारी समेत 4 सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला

**जशपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए दो थानों और एक चौकी के प्रभारियों की अदला-बदली की है। साथ ही चार सहायक उप निरीक्षकों का भी तबादला किया गया है। जानकारी के अनुसार, थाना सन्ना के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव को कोतबा चौकी भेजा गया है। वहीं कोतबा चौकी प्रभारी राकेश कुमार सिंह को थाना आस्ता का नया प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में, थाना आस्ता के प्रभारी संतोष कुमार सिंह को थाना सन्ना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार सहायक उप निरीक्षकों के भी तबादले किए गए हैं। एएसआई नीता कुर्रे, थाना पत्थलगांव से स्थानांतरित होकर थाना कांसाबेल भेजी गईं। एएसआई खिरोवती बेहरा, थाना कांसाबेल से थाना तपकरा स्थानांतरित। एसआई संत कुमार चौहान, यातायात पत्थलगांव से रक्षित केंद्र जशपुर भेजे गए। एसआई मनोज कुमार सिंह, यातायात जशपुर से यातायात पत्थलगांव स्थानांतरित किए गए हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि यह बदलाव विभागीय कार्य में कुशलता और प्रशासनिक सुचारुता बनाए रखने की दृष्टि से किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारी शीघ्र ही अपने नवीन पदस्थ स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### उधार में 2 हजार रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र निवासी घनश्याम दास आ. चिल्हो दास (28 वर्ष) घर के समीप दुकान में अंडा लेने गया था। इसी दौरान गांव के ही अनिल पैकरा पहुंचा और घनश्याम से 2 हजार रुपए मांगने लगा। जिस पर घनश्याम ने उसकी पत्नी द्वारा मना करने पर पैसा देने से इंकार कर दिया। युवक द्वारा पैसा नहीं देने से नाराज हुए अनिल पैकरा ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेदम पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन सहित आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक 22 को

**बलरामपुर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के गरिमामय आयोजन एवं आवश्यक तैयारी के लिए संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी जिला अधिकारियों को उक्त बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

### नदी पार करते समय आई बाढ़, बीच में फंसा ग्रामीण

**अंबिकापुर।** शनिवार को मैनपाट में हुई मूसलाधार बारिश के बाद नदी नाले एक बार फिर से उफान पर आ गए है। इस दौरान घुनघुट्टा नदी पार करते समय एक ग्रामीण बीच नदी में फंस गया। नदी पार करते समय आई बाढ़ में ग्रामीण बुरी तरह से फंस गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ से कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कदनई लोटाभवना निवासी रतुराम मझवार आ. बुधन शनिवार की दोपहर किसी काम से गांव में पड़ने वाली घुनघुट्टा नदी को पार कर नदी के दूसरी ओर गया हुआ था। इधर मैनपाट क्षेत्र में शनिवार को दो घंटे से अधिक समय तक मूसलाधार बारिश हुई जिससे नदी नाले उफान पर आग गए थे। दोपहर में ग्रामीण पुनः नदी को पार कर वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान वह जैसे ही बीच नदी में पहुंचा अचानक ही नदी का जल स्तर बढ़ने लगा और वह बाढ़ में फंस गया। नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ने के कारण ग्रामीण किसी तरह पत्थर पर चढ़ गया लेकिन बाढ़ में ग्रामीण फंस गया था। गनीमत रही कि ग्रामीण को तैरना आता था इस लिए वह नदी के बीच में घबराया नहीं। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा किसी तरह ग्रामीण को नदी से बाहर निकाला। इस दौरान ग्रामीण दो से ढाई घंटे तक बाढ़ में फंसा रहा। ग्रामीण के पानी से बाहर आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

घटना से छात्रों- शिक्षकों व पालकों में भय

# सर्पदंश से अलग- अलग स्थानों में 2 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नागलोक के नाम जिले में इन दिनों रेंगती मौत का तांडव देखने मिल



रहा है। कॉमन करैत के डसने से कोतबा में एक शिक्षक व ग्राम बुलडेगा में एक महिला की मौत हो गई। कॉमन करैत सांप को साइलेंट किलर कहा जाता है। इसके डसने पर कोई दर्द नहीं होता न डसने की आवाज-ना काटने का निशान। 2 दिनों में कोतबा चौकी क्षेत्र में 2 अलग घटनाओं में करैत सांप ने दो की जिंदगी छीन ली है हाईस्कूल में हुई घटना से छात्रों व शिक्षकों व

**केस नंबर 1**

कोतबा नगर के हाईस्कूल शिक्षक कालोनी में रहने वाले शिक्षक पवन उर्फ अनुपम खलखो पिता सिमोन खलखो उम्र 38 अपनी पत्नी संगीता खलखो लिपिक शासकीय कन्या शाला कोतबा के साथ रहता था। सुबह 7 बजे नहाने गया था जहां गेट खोलते ही कॉमन करैत ने काट लिया। जिसे कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां एंटीस्नैकवैनम सहित अन्य दवाओं के साथ प्राथमिक उपचार कर हालात असामान्य प्रतीत होने पर हायर ट्रीटमेंट के लिए पत्थलगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर किया गया था। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। जिस संबंध में डॉक्टर अजीत कुमार बन्दे ने बताया कि प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें वेंटिलेटर के साथ उच्च स्तरीय ईलाज की आवश्यकता थी उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी लिहाजा हमने 108 एम्बुलेंस में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर किया था।

**केस नंबर 2**

ग्राम पंचायत बुलडेगा के डोमपारा में बीते शनिवार की रात 12 बजे घर पर जमीन में सो रही महिला पूनम उम्र 45 पति गोवर्शन को बदन में ठंडा चीज पैर में रेंगने महसूस हुआ। उठकर देखे तो कॉमन करैत दिखा। जिसे तत्काल ग्रामीणों की सहायता से लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस दौरान रास्ते में झगरपुर के समीप एम्बुलेंस में ही मौत हो गई। जिसे वापस लैलूंगा ला कर शव का पोस्टमार्टम कर पंचनामा बना कर लैलूंगा पुलिस ने परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया जिसे आज बुलडेगा ग्राम ला कर दाह संस्कार किया गया।

**स्कूल भवन जर्जर**

कोतबा नगर के सबसे पुराने स्कूलों में कोतबा हाई स्कूल आता है जहाँ शिक्षक कालोनी, स्कूल भवन सहित अन्य भवन भी पुराने व जर्जर हो चुके है। यहां रोजाना सैकड़ों छात्र छात्राएं अध्ययन के लिए जाते है। इधर उधर रिसेश सहित खेल कूद के लिए घूमते है। जिन्हें रेंगती मौत का अनुमान भी नहीं है। सावधानी न रखी जाए तो स्कूल परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। शिक्षक के साथ हुई घटना से पालकों व शिक्षकों को चिंता में डाल दिया है। हाई स्कूल परिसर में ही पीएमश्री आत्मानंद स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालवाड़ी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बालक प्री व पोस्ट छात्रावास सहित ठीक पीछे कन्या छात्रावास व नवीन कन्या शाला संचालित हो रही है। इस पूरे क्षेत्र में कई शासकीय भवन पुराने जीर्णशीर्ण व जर्जर भवन है जिनका उपयोग आज भी किया जा रहा है।

### जर्जर मकानों व मैदानों में रेंग रही मौत

कोतबा नगर के सबसे पुराने स्कूलों में कोतबा हाई स्कूल आता है जहाँ शिक्षक कालोनी, स्कूल भवन सहित अन्य भवन भी पुराने व जर्जर हो चुके है। यहां रोजाना सैकड़ों छात्र छात्राएं अध्ययन के लिए जाते है। इधर उधर रिसेश सहित खेल कूद के लिए घूमते है। जिन्हें रेंगती मौत का अनुमान भी नहीं है। सावधानी न रखी जाए तो स्कूल परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। शिक्षक के साथ हुई घटना से पालकों व शिक्षकों को चिंता में डाल दिया है। हाई स्कूल परिसर में ही पीएमश्री आत्मानंद स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालवाड़ी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बालक प्री व पोस्ट छात्रावास सहित ठीक पीछे कन्या छात्रावास व नवीन कन्या शाला संचालित हो रही है।

### बचाव के लिए क्या करना चाहिए

एक्सपर्ट की मानें तो ये सांप बारिश में घरों के अंदर घुस आते हैं. कपड़ों, रजाई, गद्दों और अंधेरे कोनों में भी छिप जाते हैं. इसलिए किसी भी कपड़े या बिस्तर को इस्तेमाल करने से पहले ध्यान से देख लेना चाहिए. बरसात में जमीन पर नहीं सोएं, मच्छरदानी जरूर लगाएं और रात में बिना लाइट के बाहर न निकलें. क्योंकि यह सांप डसने के बाद भाग जाता है और कोई सबूत तक नहीं छोड़ता है. इसलिए कई बार तो परिवार को पता भी नहीं चलता कि मौत का कारण सांप का डंक था।

### इमरजेंसी रिस्पांस करते हैं

स्नैक बाइट के केस में हम एमरजेंसी रिस्पॉन्स करते है सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एन्टीस्नैक वैनम उपलब्ध है। कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से अनुपम खलखो को रेफर किया गया था जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव पहुंच ही नही पाया रास्ते मे ही मृत हो गया था।

**- जेम्स मिंज** बीएमओ पत्थलगांव

# कोतबा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूजन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर पंचायत कोतबा के संत समाज गहिरगुरु आश्रम यज्ञ शाला भवन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में गुरु पूजन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों, नगरवासियों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

गुरु पूजन पर्व मे परंपरा अनुसार भगवा ध्वज की पूजा कर उसे गुरु रूप में वंदन किया गया। संघ की मान्यता के अनुसार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि संघ का गुरु भगवा ध्वज होता है, जो त्याग, बलिदान, शील और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ प्रार्थना और ध्वज वंदन से हुआ। इसके पश्चात संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा गुरु तत्व की महत्ता संघ का उद्देश्य तथा कोतबा में संघ की सक्रिय भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिए गए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं जिला कारवाह मुरारी अग्रवाल ने कहा संघ का ध्वज केवल वस्त्र नहीं, यह विचार है, यह अनुशासन, सेवा और राष्ट्रनिर्माण का प्रतीक है। कोतबा में भी संघ के माध्यम से संस्कारित पीढ़ियां तैयार हो रही हैं , जो आने वाले भारत का निर्माण करेंगी। अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र सेवा एवं धार्मिक सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया।

- भगवा ध्वज को किया गया गुरु रूप वंदन

# कलेक्टर के निर्देश पर संकल्प में छात्रावास अधीक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर के सभागार में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधीक्षकों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करना, छात्रावासों में शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत बनाना तथा विद्यार्थियों में स्व-अध्ययन को बढ़ावा देना रहा। इस प्रशिक्षण का संचालन डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत



कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर के निर्देशन में किया गया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्रशिक्षण सत्र में छात्रावास अधीक्षकों को प्रशिक्षित किया। जिसमें उन्होंने नेतृत्व कौशल, भावनात्मक समझ, व्यवहार प्रबंधन, और छात्रों के साथ संवाद पर भी मार्गदर्शन दिया। इस सत्र में व्याख्याता संजय दास ने भी सह-प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता की।

### तहसील कार्यालय का कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन

**रनहत।** प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ग्राम डौरा कोचली में नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का उदघाटन किया। इस भवन का निर्माण 71 लाख 12 हजार रुपए की लागत से किया गया है। उद्घाटन उपरान्त मंत्री श्री नेताम ने नए तहसील भवन का अवलोकन किया व तहसील कार्यालय परिसर में विधायक मद से शेड बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने 26 करोड़ की अधिक की राशि के 61 विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 12 करोड़ 72 लाख से अधिक की राशि के 59 कार्यों का भूमिपूजन जिसमे सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण एवं 13 करोड़ 74 लाख के 2 कार्यों का लोकार्पण जिसमे उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में विभिन्न विकास कार्य हो रहे है।

# फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर बगिया में पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का महीना माना जाता है। यह माह बगिया के लिए विशेष आध्यात्मिक सौगात लेकर आया है। फलेश्वर नाथ महादेव मंदिर जो कि मैनी नदी के तट पर स्थित है। वहां 22 से 24 जुलाई तक एक भव्य 100108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है।

इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह ग्राम बगिया को आध्यात्मिक ऊर्जा से भी भर देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पहला दिन – 22 जुलाई, दिन मंगलवार 100108 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण आरंभ होगा साथ शिवलिंगों में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। एवं भक्तों द्वारा पूजन, मंत्रोच्चार, आरती और विसर्जन संपन्न होगा। वहीं दूसरा दिन 23 जुलाई,दिन बुधवार को पुनः पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण, प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विधिवत पूजन, सायंकाल में विशेष शिव महाआरती व विसर्जन होगा, वहीं तीसरे दिन 24 जुलाई दिन गुरुवार को अंतिम चरण का शिवलिंग निर्माण प्राण-प्रतिष्ठा और शिव पूजन महायज्ञ, हवन एवं पूर्णाहुति भव्य आरती एवं विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जायेगा।इस अवसर पर सभी श्रद्धालुजनों से सपरिवार उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है। मंदिर परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, तथा भजन-कीर्तन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस आयोजन के पीछे प्रेरणा बनीं हैं कौशल्या विष्णुदेव साय, जो ग्राम व धार्मिक आयोजनों में सदैव अग्रणी रही हैं।

# संविदा शिक्षकों ने मांगों के समर्थन में दिया सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने शिक्षा विभाग में संविलयन नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की दो सूत्रीय मांग को लेकर सारंगढ़-बिलाईगढ़ ज़िला में एक दिवसीय सांकेतिक धरना आयोजित किया।

संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने इस दौरान शिक्षा विभाग में समायोजन एवं वेतनमान में वृद्धि की मांग उठाई और संबंधित अधिकारियों के हाथों ज्ञापन सौंपा। इससे पहले भी संविदा शिक्षकों ने शिक्षा विभाग में सवलियन और वेतन वृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाया गया है छत्तीसगढ़ सरकार को इस धरना के माध्यम से अवगत कराया है। संघ के द्वारा ये भी कहा गया है कि सरकार अगर हमारी मांग को पूरा नहीं करते हैं तो आने वाले समय में




अनिश्चित अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर विवश होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ललित बर्मन, जिला अध्यक्ष कुलदीप, खटर्जी, नित्यानंद मालाकार, तंगम पटेल, हीरेंद्र लहरे, राज थावाइत, सुरेश नायक, हुलेश साहू, विद्या शंकर जायसवाल, दुर्गेश कुमार टंडन, निर्मल टंडन, विकास डहरिया, तृप्ति नायक, सवेरेन तिर्की, रश्मि ठाठवार, रितु शांडिल्य, रचना तंबोली, जितेन चौधरी, रजनी राठौर एवं समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डिजिटल बोर्ड के शुभारंभ व प्रवेश उत्सव में पहुंचे सांसद

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकन्याउमा शाला घरघोड़ा में डिजिटल बोर्ड का उद्घघाटन सांसद राधेश्याम राठिया के आतिथ्य एवं उनके हाथों से किया गया। सांसद राठिया ने शिक्षण सत्र 2025 में प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में विकास व कन्या शाला घरघोड़ा में छात्राओं के शैक्षणिक विकास को लेकर डिजिटल बोर्ड की घोषणा की थी जिसको लेकर वर्तमान शिक्षण सत्र के प्रवेश उत्सव के दौरान शुभारम्भ करने विद्यालय पहुँचे हुए थे। कुल दस लाख की लागत से प्रत्येक कक्ष में डिजिटल बोर्ड के लगने से विद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्राओं को लाभ मिल सकेगा एवं नवीन तकनीकी संसाधनों से छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद राठिया ने विद्यालय की अनुशासन एवं शैक्षणिक व्यवस्था के प्रति संतोष जाहिर करते हुए एवं आवश्यकता को दृष्टिगत करते हुए दो लाख पचास हजार की राशि पुनः स्वीकृति प्रदान की। सांसद राधेश्याम राठिया ने शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए सदैव कटीबद्ध रहकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा की क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया है एवं मै



जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करता रहूँगा।

विद्यालय डिजिटल बोर्ड के शुभारम्भ के अवसर पर सांसद श्री राठिया ने छात्राओं को शुभकामना लिखते हुए स्वयं के हस्ताक्षर किए द्यकार्यक्रम के दौरान पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी जिला पंचायत सदस्य मुरली राठिया सहित विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल नरेश बेहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रभारी प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा ने संस्था में संचालित शैक्षणिक गीतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षा में छात्राओं द्वारा प्राप्त सफलता एवं शासन द्वारा स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजना को क्रियान्वयन की बात स्वागत भाषण में कही एवं आशा व्यक्त की, भविष्य में विद्यालय की भौतिक सह अन्य संसाधनों को जुटाने, शाला संचालन में जन प्रतिनिधियों पालकों शिक्षकों का सहयोग मिलता रहेगा। भाजपा के जिला पदाधिकारी नरेश पंडा ने विद्यालय में छात्राओं की अनुशासन एवं उपस्थित जन समुदाय को देखकर छात्राओं शिक्षकों को शुभकामनायें देते हुए कार्यक्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जाहिर की एवं सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सांसद एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रतिभावान छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरकार की महत्वकाँक्षी योजना अंतर्गत माध्यमिक खंड की छात्राओं को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुंतीला उरांव सहित प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजय पंडा ने किया।

# अखिल भारतीय अघरिया समाज की केंद्रीय बैठक

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति रायगढ़ कार्यकारिणी पदाधिकारियो का त्रैमासिक मासिक द्वितीय बैठक रविवार को कृष्ण विदुर भवन बसना में आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ समाज के इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर मंचासिन समस्त पदाधिकारियों के अभिनंदन किया गया। केंद्रीय सचिव भोजराम पटेल ने बैठक के एजेंडा के बारे में



जानकारी दी। प्रथम विषय पैता धाम में निर्माणाधीन श्रीकृष्ण भगवान मंदिर निर्माण के बारे में महासभा में बनाई गई समन्वयक समिति के प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी गई। केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय मांगा गया है। क्षेत्रीय समितियों के गठन समस्त 36 क्षेत्रीय समितियों का गठन हो गया है। श्री कृष्ण अघरिया धाम पैता के विकास के बारे उपस्थित पदाधिकारियों से अपना अपना सुझाव आमंत्रित किए गए। श्रीकृष्ण अघरिया धाम ट्रस्ट निर्माण हेतु प्रस्तावित ट्रस्ट डीड का वाचन किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष ऊषा पटेल ने दो सदस्यों के नाम से 22 लाख रुपए देने की घोषणा की। संरक्षक सदस्य बढ़ाने पर 15000 नए रसीद बुक सभी अंचल प्रभारी को सौंपा गया।

भालुमार आयुर्वेद शिविर में 560 रोगियों का निशुल्क उपचार

# निरोगी जीवन जीने के लिए आयुर्वेद जरूरी: राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

आयुष संचालनालय रायपुर छग के आदेशनुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा के मार्गदर्शन में डॉ मित्र भानु गुप्ता के नेतृत्व में भालूमार में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभ आरंभ रायगढ़ लोक सभा सांसद राधे श्याम राठिया ने भगवान धनवंतरी के छाया चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर किए। सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने अपने वक्तव्य में आयुर्वेद की महत्ता के बारे में लोगों को बताया।

सांसद ने आयुष विभाग द्वारा आयोजित मेले का उदेश्य बताते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके। आयुर्वेद विभाग कि योजना कि विभागीय जानकारी डा. कुणाल पटेल ने दिए



और इस पद्धति से रोग जड़ से नष्ट होते हैं पुराने से पुराने गंभीर बीमारी का इलाज आयुर्वेद में सम्भव है। लोगों को धैर्य रख कर सही ढंग से इलाज करवाने की जरूरत है शिविर में लोगों को जागरूक करने हेतु आयुर्वेद के विभिन्न जानकरियो के पंपलेट वितरण किए गए। 560 लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अपना इलाज करवाए। शिविर में 85 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। सांसद ने आयुष विभाग की इस प्रकार के आयोजन के डॉ गुप्ता एवं टीम को साधुवाद किए।

आयोजन को सफल बनाने में हमारे विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस आर पैकरा का विशेष सहयोग रहा साथ ही हमारे चिकित्सक डॉ राज कुमार नायक, डॉ नागेंद्र नायक, डॉ प्रदुमन पनिग्रहि, डॉ रवि शंकर पटेल, डॉ कुणाल पटेल, डॉ प्रेम नारायण राठिया, डॉ अनिल पटेल, डॉ आर्ची एक्का, डॉ निकिता, एलोपैथी विभाग से डॉक्टर अजय राठिया, रोहित कुमार डनसेना पर्यवेक्षक फार्मासिस्ट विजय बेहरा, पद्मलोचन सिदार, करुणा सिदार, नवापारा सेक्टर से सारिका लकड़ा, पुरीजी, ममता, ब्यूटी सिन्ग, विनोद, मनोज पैकरा, बिन्नी, शकुन्तला, गीता, रीता, नंदिनी, सरिता, रक्त परिक्षण के लिए डोलनारायण पटेल एवं समस्त मितानिनों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। अंत में शिविर प्रभारी डॉ मित्र भानु गुप्ता ने सभी जन प्रति निधियों एगण मान्य नागरिकों एवं समस्त ग्रामवासियों का आभार प्रकट किए।

### सागर हायर सेकेंडरी स्कूल में ग्रीन डे सेलिब्रेशन



**बिलाईगढ़।** सागर हायर सेकेंडरी स्कूल भटगांव में सभी बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा ग्रीन डे का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रकृति प्रेम को प्रदर्शित करते हुए मॉडल एवं वेशभूषा प्रदर्शित किया गया। सभी कक्षा के बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में पेड लगाया गया। असल में बढ़ती हुई प्रदूषण के बारे में जागरूक करने के लिए सागर स्कूल में ग्रीन डे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्सव पूर्वक पेड़ लगाना उसका रक्षा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य प्रेम एवं राजेंद्र खगेश, निराला फलेंद्र किशोर रवि अमित केतन दीक्षा कंचन लता सौम्य पूनम गीता ज्योति नेहा अनीशा काजल उपस्थित रहे जिसमें सभी बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## फिल्म 'हाउसफुल 5' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दी दस्तक

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। उनकी यह फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई की। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब 'हाउसफुल 5' ने ओटीटी का रुख किया है। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'हाउसफुल 5' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रेंट पर उपलब्ध है। प्राइम वीडियो पर 349 रुपये में यह फिल्म आप रेंट पर ले सकते हैं। इस फिल्म में नाना पाटेकर, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, चंकी पांडे, श्रेयस तलपड़े और जॉनी लीवर जैसे कलाकार नजर आए।

लाइफ Style

# अनीत पड्डा

## अहान संग अदाकारी के मुरीद हुए लोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' आखिरकार लंबे इंतजार के बाद 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म से अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है।

अहान पांडे की जोड़ी अनीत पड्डा के साथ बनी है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। अनीत की अदाकारी के दर्शक मुरीद हो गए हैं। अनीत बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 14 अक्टूबर, 2002 को पंजाब में हुआ था। 23 वर्षीय अनीत ने अपनी शुरुआत पढ़ाई अमृतसर के स्प्रिंग डेल सीनियर स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल की। अनीत ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। इसके बाद उन्होंने नेस्कैफे, कैडबरी डेयरी मिल्क, अमेजन इंडिया, पेटीएम जैसे ब्रांड्स के विज्ञापनों में काम किया।

अनीत ने 2022 में आई फिल्म 'सलाम वेंकी' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें उन्होंने नंदिनी का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काजोल और विशाल जेठवा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके अलावा अनीत वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में भी नजर आ चुकी हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर आई इस सीरीज में उन्होंने रूही आहूजा का किरदार निभाया था। इस शो में पूजा भट्ट, जोया हुसैन, मुकुल चड्ढा और राइमा सेन भी अहम किरदारों में थे।



## हॉलीवुड मसाला



## साउथ कोरिया की एक्ट्रेस कांग सियो-हा का निधन

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आ रही है। साउथ कोरियाई एक्ट्रेस कांग सियो-हा का निधन हो गया है। वह महज 31 साल की थीं। कोरियाई मीडिया की ओर से निधन की पुष्टि कर दी गई है, जिसमें कहा गया है कि एक्ट्रेस लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई, बुधवार को साउथ ग्योंग सांग प्रांत के हामान में किया गया। जहां फैमिली के सदस्य, करीबी दोस्त और कुछ फैंस रहेंगे। बता दें कि कांग सियो-हा को 'स्कूलगर्ल डिटेक्टिव्स', 'फ्लावर्स ऑफ द प्रिजन' और 'नोबडी नोज़' जैसे फेमस शो में उनकी एक्टिंग के लिए जाना जाता था।



## 'हैरी पॉटर' फेम एमा वॉटसन पर लगा लाखों का जुर्माना

हॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस एमा वॉटसन बहुत बड़ी परेशानी में फंस चुकी हैं। उन पर छह महीने के लिए ड्राइविंग पर बैन लगाया गया है क्योंकि वो ऑक्सफोर्ड के अंदर हाई स्पीड में गाड़ी चला रही थीं। एक्ट्रेस पर काफी बड़ा जुर्माना भी लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एमा ऑक्सफोर्ड के अंदर 30 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाले जोन में 38 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी ब्लू ऑडी कार चलाती पकड़ी गई थीं। बुधवार यानी 16 जुलाई को कोर्ट ने अपने बयान में बताया कि एक्ट्रेस के लाइसेंस पर स्पीडिंग मामले से पहले नौ पॉइंट्स मौजूद थे। एमा छह महीने के बैन के अलावा 1044 पाउंड्स यानी करीब 1.2 लाख रुपये का जुर्माना भी भरेंगी। एमा कोर्ट में हुई पांच मिनट की सुनवाई में भी शामिल नहीं हुई थी। हालांकि एमा ने खुद पर लगे बैन पर कोई सफाई नहीं दी है। एक्ट्रेस साल 2023 से ऑक्सफोर्ड में क्रिएटिव राइटिंग के क्षेत्र में अपनी मास्टर्स की पढ़ाई कर रही हैं।




## सेतुपति की 'थलाइवन थलाइवी' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता विजय सेतुपति पिछले कुछ समय से फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विजय की जोड़ी अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ बनी है। फिल्म के निर्देशन की कमान पंडिराज ने संभाली है। अब निर्माताओं ने 'थलाइवन थलाइवी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें विजय जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। 'थलाइवन थलाइवी' एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसमें योगी बाबू भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी भी पंडिराज ने ही लिखी है। मलयालम फिल्म '19(1)(a)' के बाद विजय और नित्या के बीच यह दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




## 'वॉर 2' के ट्रेलर को मिली हरी झंडी

**मुंबई।** काफी समय से अभिनेता ऋतिक रोशन फिल्म 'वॉर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म में ऋतिक के साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'वॉर 2' के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। बॉलीवुड की रिपोर्ट के अनुसार, 'वॉर 2' के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिली है। ट्रेलर को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर 2 मिनट 39 सेकंड का है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'वॉर 2' का ट्रेलर अगले हफ्ते रिलीज हो जाएगा।

## टीवी मसाला




## हाईएस्ट पेड होस्ट बने अमिताभ, केबीसी 17 के एक एपिसोड का इतना है चार्ज

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई ऐसे एक्टर्स हैं जो टीवी में कोई शो होस्ट कर रहे हैं. वहीं, अब तक एक्टर सलमान खान को टीवी का सबसे महंगा होस्ट कहा जाता था लेकिन अब एक सुपरस्टार ने उन्हें इस मामले में मात दे दी है। ये कोई और नहीं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अब क्विज बेस्ड शो केबीसी 17 के लिए करोड़ों चार्ज करने वाले टीवी के हाईएस्ट पेड होस्ट बन गए हैं। मिली जानकारी के मुताबीक, अमिताभ बच्चन क्विज बेस्ड शो केबीसी 17 के लिए प्रति एपिसोड 5 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। केबीसी 17 एक हफ्ते में पांच बार टेलीकास्ट होता है। इसका मतलब है कि अमिताभ बच्चन की हफ्ते भर की फीस 25 करोड़ रुपए है। वहीं, अब अमिताभ बच्चन एक्टर सलमान खान को मात देकर भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टीवी होस्ट बन गए हैं। इससे पहले बिग बॉस ओटीटी 2 के दौरान सलमान खान को कथित तौर पर हर वीकेंड का वार एपिसोड के लिए 12 करोड़ रुपए दिए गए थे, यानी उनकी हफ्ते भर की फीस लगभग 24 करोड़ रुपए थी। बता दें कि सोनी टीवी ने हाल ही में अमिताभ बच्चन का सुंबुल तौकीर के साथ एक प्रोमो वीडियो भी शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसके साथ ही मेकर्स ने शो की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। कौन बनेगा करोड़पति का सीजन 17 11 अगस्त से शुरु होने वाला है।

## टीवी में डेब्यू करने जा रही हैं सुदेश लहरी की पत्नी, इस शो में आएंगी नजर

**मुंबई।** कलर्स चैनल पर जल्द ही पति पत्नी और पंगा शो शुरू होने वाला है। शो में टीवी के कई कपल हिस्सा लेने वाले हैं, साथ ही फेमस कॉमेडियन सुदेश लहरी और उनकी पत्नी ममता लहरी भी शो में नजर आने वाली हैं। ममता लहरी पहली बार टीवी पर डेब्यू करने वाली हैं। वो इस शो के लिए काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें सुदेश लहरी पत्नी संग फोटो ले रहे हैं। वहीं, जब फोटो ठीक नहीं आती तभी वो मुनव्वर फारूकी से कहते हैं कि उनकी फोटो क्लिक कर दे। मुनव्वर सुदेश लहरी और उनकी पत्नी की जगह अपनी सेल्फी क्लिक करके चले जाते हैं। उसके बाद सुदेश लहरी की पत्नी उनको सुनाने लगती हैं। वो कहती हैं तुम्हारी गलती है। तुमने फोन दिया ही क्यों. जिसके बाद दोनों में लड़ाई शुरू हो जाती है। बता दें कि इंटरव्यू में ममता लहरी ने कहा- 'मैंने सोचा था कि मैं जब भी शो करूंगी तो इनके साथ ही करूंगी. वो दिन आ चुका है।



## 'तन्वी द ग्रेट': कौन हैं असली तन्वी जिनके जीवन पर आधारित है फिल्म?



**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके जरिए शुभांगी दत्त ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। इस फिल्म की कहानी 21 साल की तन्वी रैना की है, जो ऑटिज्म डिसऑर्डर से पीड़ित है। तन्वी अपने साहस और हिम्मत से सभी को हैरान कर देती है। फिल्म में तन्वी का किरदार शुभांगी निभा रही हैं, लेकिन क्या आप असली तन्वी को जानते हैं? आइए जानते हैं आखिर असली तन्वी कौन हैं।

### अनुपम की भांजी की कहानी है 'तन्वी द ग्रेट'

'तन्वी द ग्रेट' की कहानी अनुपम की भांजी तन्वी के जीवन पर आधारित है। वह अभिनेता की बहन प्रियंका खेर की बड़ी बेटी हैं। अपनी भांजी तन्वी को देखकर ही अनुपम को ऑटिज्म पर फिल्म बनाने का ख्याल आया था। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म का नाम भी 'तन्वी द ग्रेट' ही रखा है। बता दें कि तन्वी ऑटिज्म डिसऑर्डर से पीड़ित है। वह बहुत अच्छी गायिका भी हैं। अनुपम अक्सर अपनी भांजी तन्वी से मिलते रहते हैं।

### संगीत शिक्षक बनना चाहती हैं तन्वी


तन्वी सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहती हैं। 'द ऑटिज्म स्टोरी' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर तन्वी अक्सर अपने वीडियो साझा करती रहती हैं। तन्वी एक संगीत शिक्षक और अभिनेत्री बनना चाहती हैं। इसका खुलासा खुद अनुपम ने अपने एक वीडियो में किया था।अनुपम ने भी इंस्टाग्राम पर तन्वी के साथ अपना एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह उनके साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में तन्वी को गाना सुनाते हुए देखा जा सकता है।

## 'सैयारा' के निर्देशक मोहित सूरी की आशिकी 2 ने खूब छापे थे नोट

**मुंबई।** निर्देशक मोहित सूरी इन दिनों फिल्म 'सैयारा' को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी लोग तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उधर समीक्षकों ने भी दिल खोलकर फिल्म की कहानी और इसके कलाकारों को सराहा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन मोहित ने ही किया है। हालांकि, अगर आपको 'सैयारा' पसंद आई है तो मोहित के निर्देशन में बनी ओटीटी पर मौजूद कुछ दूसरी रोमांटिक फिल्में भी हैं, जो आपकी कसौटी पर खरी उतरेंगी।

### 'आशिकी 2'

साल 2013 में आई रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 'आशिकी 2' ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी बनी थी, जो सुपर-डुपरहिट हुई थी। न सिर्फ उनकी केमिस्ट्री, बल्कि फिल्म के गाने और कहानी तक ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 15 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 110 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### 'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'मलंग'

'हाफ गर्लफ्रेंड' मोहित की एक और बेहतरीन रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेता अर्जुन कपूर और श्रद्धा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 58 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 97 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर है। उधर नेटफ्लिक्स पर मौजूद मोहित के निर्देशन वाली आदित्य रॉय कपूर और दिशा पाटनी अभिनीत 'मलंग' का बजट 32 करोड़ रुपये था और इसने 72 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'आवारापन'

इमरान हाशमी अभिनीत 'आवारापन' को दर्शकों से हरी झंडी मिली थी। मोहित ने इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली थी तो मुकेश भट्ट इसके निर्माता थे। इस फिल्म को भले ही इमरान के करियर की बेहतरीन फिल्म बताया गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फेल हो गई थी। समीक्षकों ने फिल्म को जमकर सराहा था और इसके गाने भी खूब लोकप्रिय हुए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म को बाद में एक कल्ट का दर्जा मिला था।

### 'एक विलेन'

मोहित के निर्देशन में बनी 'एक विलेन' को भी दर्शकों ने खूब सराहा था। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, रितेश देशमुख और श्रद्धा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ये वो पहली फिल्म थी, जिसमें रितेश ने साइको किलर का किरदार निभाकर तहलका मचा दिया था।

### अपने दम पर न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया

# प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्मों में से एक ने जीते 68 पुरस्कार

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर न सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। वह कई हॉलीवुड फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुकी हैं। हालांकि, ये भी सच है कि देसी फिल्मों के बिना उनकी फिल्मावली या कहें करियर अधूरा है। आइए प्रियंका की उन हिंदी फिल्मों के बारे में जानें, जिन्हें इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर सबसे ज्यादा रेटिंग मिली है।

### 'बर्फी' ने जीते हैं 68 पुरस्कार

प्रियंका ने 'बर्फी' में ऑटिज्म से पीड़ित लड़की झिलमिल का किरदार निभाया था। फिल्म में प्रियंका की भूमिका उनके करियर की सबसे बेहतरीन भूमिकाओं में शुमार है। इस फिल्म को वो अपने करियर में मील का पत्थर मानती हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर और इलियाना डिक्रूज भी अहम भूमिका में थे। आईएमडीबी पर इसे 8.1 रेटिंग मिली है। 68 पुरस्कार जीतने वाली प्रियंका की ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



*'कमीने' : विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कमीने' भी कमाल थी। भारद्वाज की फिल्में लीक से हटकर होती हैं। 'कमीने' ने जहां शाहिद कपूर को उनके करियर का सबसे बेहतरीन किरदार करने का मौका दिया, वहीं इसके जरिए प्रियंका के करियर में भी चार चांद लग गए। एक मराठी मुलगी के रूप में प्रियंका के बिंदास अभिनय ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। 7.5 रेटिंग पाने वाली ये फिल्म नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।*

### 'बाजीराव मस्तानी' और 'द व्हाइट टाइगर'

आईएमडीबी पर प्रियंका की सबसे ज्यादा रेटिंग पाने वाली फिल्मों में चौथे स्थान पर 'बाजीराव मस्तानी' का नाम है। फिल्म में में प्रियंका ने रणवीर सिंह उर्फ बाजीराव की पत्नी काशीबाई का किरदार निभाया था। 7.2 रेटिंग वाली इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। दूसरी ओर नेटफ्लिक्स पर मौजूद फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में प्रियंका अपनी सीमित भूमिका में असर छोड़ गई थीं। इसे पर 7.1 रेटिंग दी गई है।

### 'द स्काई इज पिंक'

'द स्काई इज पिंक' की न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों ने भी तारीफ की थी। यह एक सच्ची कहानी पर आधारित है। इसमें प्रियंका फरहान अख्तर की पत्नी बनी थीं। फिल्म में प्रियंका ने पत्नी के साथ-साथ एक मां का किरदार भी पूरी शिद्दत से निभाया। अपनी बेटी को लेकर अदिति की जंग और अपनी आंखों के सामने उसे जाते देखना, प्रियंका ने हर इमोशन को बेहतरीन ढंगे से पर्दे पर उतारा। 7.6 रेटिंग वाली ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।



## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत में संजय भूषण का स्वागत

**सरसींवा।** नगर पंचायत सरसीवा में संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में उनके प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर अजेश अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, दुर्गेश केशरवानी भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक, वेदराम जांगड़े प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, सुनील शर्मा, नीलेश दुबे, दिनेश चंद्रा, सोमू केशरवानी, किशन शुक्ला, रामदुलार साहू, अनिल साहू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### संस्कार में शपथ ग्रहण समारोह

**रायगढ़।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। संस्था के प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा के निर्देशन में शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया गया। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शपथ का महत्व बताया और माता पिता, शिक्षक, देश, कैरियर के लिए शपथ दिलवाई ताकि एक बेहतर नागरिक बनकर ऊंचा कैरियर निर्माण करें। कार्यक्रम के दौरान एक्टिंग डायरेक्टर सी पी देवांगन, प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### नगर पंचायत परिसर में अटल परिसर का लोकार्पण भी किया

# वित्त मंत्री ने सरिया में दी रजिस्ट्री तहसील कार्यालय की सौगात





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रविवार को सरिया में नवीन रजिस्ट्री एवं तहसील कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद नगर पंचायत परिसर पर अटल परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा पाठ कर आदमकद श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए फूल माला पहनकर सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर एसपी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम नागरिक भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वित्त मंत्री ओपी चौधरी सुबह 12 बजे सीधे रायपुर से सरिया पहुंचे। जहां अटल चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला पहनकर एवं आतिशबाजी तथा करमा नृत्य के साथ स्वागत किया। वही अटल चौक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी अटल की प्रतिमा में फूल माला पहना कर का सम्मान किया। पुलिस थाना के सामने नवनिर्मित तहसील कार्यालय एवं रजिस्ट्री कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां पर एक पेड़ मां के नाम वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने लगाए। तत्पश्चात नगर पंचायत परिसर में बना अटल परिसर पहुंचकर छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा पर फूल माला एवं श्रीफल फोड़कर पूजा पाठ किया और यहां पर भी अटल परिसर का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने अटल परिसर में बने आदमकद अटल की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण भी किया और फूल माला पहनकर सम्मान किया।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्रही, सारंगढ़ के कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल, उपाध्यक्ष कैलाश पंडा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अंत में नगर पंचायत परिसर में बने सांस्कृतिक भवन पर सभा का आयोजन किया गया। जहां कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे ने नवीन रजिस्ट्री कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनमानस के सुविधा हेतु विकास कार्य का जिक्र किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्राही तथा अंत में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभा को संबोधित किया। वित्त मंत्री ने कहा कि यहां रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही साथ शीघ्र ही सौ बिस्तर अस्पताल की परिकल्पना भी साकार होगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ है। उन्होंने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी क्षेत्र का विकास नहीं किया। आज क्षेत्र के कुछ स्वार्थी तत्व के लोग विकास को देखकर नेगेटिव बात भी करते हैं। हम सिर्फ विकास की बात करते हैं। आने वाले दिनों में और भी विकास के काम होंगे।

#### पूनम उप पंजीयक नियुक्त

सरिया उप पंजीयक कार्यालय के प्रथम अधिकारी के रूप में श्रीमती पूनम सिदार को नियुक्त किया गया है। उप पंजीयक कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें पद प्रतिष्ठा का कार्य संभालने के दौरान उम्मीद किया है कि क्षेत्र वासियों को पंजीयन कार्य में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पंजीयक कार्यालय भ्रष्टाचार मुक्त होगा और उम्मीद है पूनम सिदार अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा के साथ करेगी।

#### कार्यकर्ताओं ने भगवान राम की तस्वीर भेंट की

नगर पंचायत परिसर पर आयोजित जनसभा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता मनोज मेहर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में मंत्री ओपी चौधरी को भगवान श्री राम की तस्वीर भेंट की और कहा कि भगवान श्री राम आपको दिन दूनी रात चौगुनी कार्य करने की शक्ति प्रदान करें और अपने क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में एवं राष्ट्र में विकास के कार्य हो। इसी उद्देश्य को लेकर हमारे युवाओं के द्वारा वित्त मंत्री ओपी चौधरी को प्रभु श्री राम की तस्वीर भेंट किए हैं।

#### कांग्रेस ने नहीं होने दिया क्षेत्र का विकास

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस क्षेत्र के विकास में कोई ध्यान नहीं दिया और अब जब विकास हो रहा है तो अनगर्ल बयान बाजी कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि ईडी अपना काम कर रहा है। लेकिन कांग्रेस इससे भयभीत है। अंत में उन्होंने अंचल वासियों को संबोधित करते हुए कहा सरिया में सौ बिस्तर अस्पताल सर्व सुविधायुक्त के साथ खुलेगा। बता दे सरिया में रजिस्ट्री कार्यालय सपना से परे था। जिसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय खोले जाने से अंचल में सर्वत्र वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यों की सराहना की जा रही है।

#### रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से लोगों को मिलेगी सुविधा

रजिस्ट्री कार्यालय उद्घाटन अवसर पर उपस्थित पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि सपना से परे था सरिया में रजिस्ट्री कार्यालय खुलना। उम्मीद नहीं था कि यहां रजिस्ट्री कार्यालय कभी खुलेगा। लेकिन वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी के कल्पना के अनुरूप यहां कार्य हो रहे हैं। अब यहां अंचल वासियों को रजिस्ट्री कार्य करने के लिए सारंगढ़ जाना नहीं पड़ेगा। यहां सब सुविधा उपलब्ध होगा। इससे बहुत बड़ी सुविधा अंचल वासियों को प्राप्त हुआ है। मैं ओ पी चौधरी को हृदय से बधाई देता हूं।

#### बच्चों ने वित्त मंत्री को गुलाब फूल भेंट किया

अटल चौक से पद यात्रा करते हुए जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक बालक छात्रावास से गुजर रहे थे। तो यहां के बच्चों ने छात्रावास के सामने खड़े होकर गुलाब फूल भेंट कर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का स्वागत किया। ओपी चौधरी ने पूछा क्या समस्या है। तब बच्चों ने कहा कि छात्रावास भवन बहुत पुराना एवं जर्जर है। इस संबंध में ओपी चौधरी ने बच्चों को कहा कि नवीन छात्रावास भवन बनेगा। बच्चों ने वित्त मंत्री के आश्वासन से काफी खुश हुए और उम्मीद है कि अब सरिया के जर्जर एवं पुराने छात्रावास अब नवीन छात्रावास बनेगा।



## सामुदायिक सहभागिता से जिलेभर में हो रहा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- जिले में एक जुलाई से चलाया जा रहा अभियान

जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अब तक 66 हजार 742 पौधे रोपे जा चुके है। विशेष रूप से रायगढ़ विकासखण्ड ने इस अभियान में उल्लेखनीय सहभागिता दिखाई और 12 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया।

जिले में 1 से 5 जुलाई तक चले इस अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। इस कार्य में जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी ऋषिगणेश नायक, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, महिला समूह और पंचायत बॉडी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्राम पंचायत डूमरपाली में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती डालकुमारी चौधरी और बीडीसी श्रीमती शिवकुमारी साहू ने सक्रिय भागीदारी निभायी। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों के सहयोग 810 पौधे रोपे गए। इसी तरह मनरेगा के तहत 2550, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा 7400, शासकीय और निजी विद्यालयों छात्रावासों में 600 पोधे, आंगनबाड़ी केन्द्रों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर 820 पौधे रोपे गए। जिले में पौध रोपण कार्यक्रम के लिए विभिन्न समुदायों और संगठनों ने सक्रिय योगदान दिया।

